अजमेर के बीस केंद्रों पर कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा, एसपी जाट ने लिया जायजा

अजमेर, (कासं)। राजस्थान में 14 मई को रद्द हुई कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा शनिवार को अजमेर में भी आयोजित हुई। परीक्षा को लेकर अजमेर नवनियुक्त एसपी चुनाराम जाट ने सभी परीक्षा केंद्रों का जायजा लिया। इस मौके पर परीक्षा केंद्रों पर जिला पुलिस की ओर से सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए।

जिला पुलिस अधीक्षक चुनाराम जाट ने बताया कि राजस्थान के साथ ही अजमेर में भी कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। एसपी जाट ने बताया कि अजमेर जिले में करीब 20 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इनमें से 16 अजमेर और 4 किशनगढ़ में है। इसके साथ ही उन्होंने एडिशनल एसपी विकास सांगवान के साथ परीक्षा केंद्रों पर जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और केंद्रों पर मौजूद अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए।

परीक्षा केंद्रों पर जिला पुलिस की ओर से सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए।

एसपी चुनाराम जाट ने बताया कि परीक्षा शांतिपूर्वक तरीके से आयोजित हो रही है। सभी परीक्षा केंद्रों पर अधिकारी तैनात किए गए हैं। इसके साथ ही सभी परीक्षा केंद्रों पर एडिशनल एसपी और पुलिस उप अधीक्षक गस्त करते हुए जायजा ले रहे हैं। जिससे कि परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हो। उन्होंने बताया कि परीक्षा संपन्न होने के बाद यातायात व्यवस्था को लेकर भी बेहतरीन इंतजाम किए गए हैं।

- यातायात व्यवस्था को लेकर भी बेहतरीन इंतजाम किए गए

गौरतलब है कि 14 मई को सेकंड पारी में आयोजित हुई कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा का पेपर आउट होने के कारण रद्द कर दिया गया था। एग्जाम कैंसिल के आदेश 17 मई को जारी किए गए थे। राजस्थान कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा की अगली डेट 2 जुलाई को रखी गई थी, जिसके बाद शनिवार को परीक्षा आयोजित हुई।

कोरोना के छह संक्रमित मिले, एक्टिव केस 27

भीलवाडा, (निसं)। भीलवाडा में शनिवार को कोरोना के 3 महिलाओं सहित कुल 6 नए संक्रमित सामने आए हैं। इनमें शहरी क्षेत्र के 2 जबकि गुलाबपुरा के 4 लोग शामिल हैं। एक्टिव केस की बात करें तो उनकी संख्या 27 तक पहुंच चुकी है।

आरआरटी टीम प्रभारी डॉ. घनश्याम चावला ने बताया कि भीलवाडा में कोरोना संक्रमण के केस लगातार सामने आ रहे हैं। शनिवार को जारी आरटीपीसीआर रिपोर्ट में 6 और संक्रमित सामने आए हैं। इनमें सांगानेर का 32 वर्षीय युवक, पुर की 54 वर्षीय महिला के साथ ही गुलाबपुरा की 22 और 30 वर्षीय दो महिलाएं, 26 साल का युवक और 54 साल का प्रौढ शामिल है। डॉ. चावला ने बताया कि सांगानेर में संक्रमित मिले युवक को एमजी अस्पताल में भर्ती किया गया है वहीं शेष पांच संक्रमितों को उपचार देकर होम क्वारंटाइन कर दिया गया है। इन 6 संक्रमितों के बाद भीलवाडा में एक्टिव केस बढ़कर 27 तक पहुंच चुके हैं।

चल प्रदर्शनी एवं बाइक रैली को हरी झंडी दिखाई

अजमेर, (कासं)। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत शुक्रवार को महाप्रबंधक उत्तर पश्चिम रेलवे विजय शर्मा ने प्रधान कार्यालय, उत्तर पश्चिम रेलवे से रेलवे रेलवे सुरक्षा बल की उपलब्धियों से सुसज्जित चार पहिया वाहन एवं मोटर साइकिल रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

इस प्रदर्शनी को उत्तर पश्चिम रेलवे के अजमेर मंडल सहित अन्य मंडलों जयपुर, बीकानेर व जोधपुर के प्रमुख स्टेशनों पर प्रदर्शित किया जायेगा। अजमेर मंडल के अंतर्गत 18 स्थानों- मदार, अजमेर,पुष्कर, ब्यावर, भीम, देवगढ़, नाथद्वारा, मावली, देबारी, उदयपुर, पिंडवाड़ा, सरुपगंज, आबूरोड, सिरोही सिटी, सुमेरपुर, फालना, रानी तथा मारवाड़ को शामिल किया गया है । प्रदर्शनी के मार्ग समय सारणी के अनुसार मदार में दिनाँक 3 जुलाई, अजमेर व पुष्कर 4 जुलाई, ब्यावर, भीम, देवगढ़ में 5 जुलाई, नाथद्वारा में 6 जुलाई, मावली, देबारी और उदयपुर में 7 जुलाई, पिंडवाड़ा 8 जुलाई, स्वरूपगंज व आबूरोड 9 जुलाई, सिरोही सिटी 10 जुलाई, सुमेरपुर, फालना तथा रानी में 11 जुलाई और मारवाड़ (12 जुलाई को) होते हुए गुजरेगी।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार देश में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। इसके तहत रेलवे पर नियमित रूप से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में उत्तर पश्चिम रेलवे के 75 स्टेशनों पर चल प्रदर्शनी का प्रदर्शन किया जा रहा है।

रेलवे तथा रेलवे सुरक्षा बल की उपलब्धियों से सुसज्जित चार पहिया वाहन पर यह चल प्रदर्शनी 32 दिनों में लगभग 3000 किलोमीटर दूरी तय कर 75 स्टेशनों पर आमजन को रेलवे तथा रेलवे सुरक्षा बल की उपलब्धियों से रूबरू करवायेगी। प्रदर्शनी के माध्यम से आमजन की सहभागिता सुनिश्चित कर उनको रेलवे की विकास यात्रा के बारे में जानकारी प्रदान की जायेगी। यह चल प्रदर्शनी प्रधान कार्यालय जयपुर से रवाना होकर दिनांक 02.08.2022 को गांधीनगर जयपुर स्टेशन पर सम्पन्न होगी।

रैली सकल हिन्दू समाज की, मैं समाज का अभिन्न अंग : देवनानी

अजमेर, (कासं)। भाजपा नेता, पूर्व शिक्षा मंत्री एवं वर्तमान अजमेर उत्तर विधायक वासुदेव देवनानी ने कांग्रेस नेताओं के बयान पर पलटवार किया है। देवनानी ने कहा अजमेर में विशाल रैली किसी व्यक्तिविशेष की ओर से नहीं बल्कि सकल हिन्दू समाज द्वारा हिन्दू देवी-देवताओं के अपमान करने वालों के खिलाफ आयोजित की गई। हिन्दू समाज का अभिन्न अंग होने के चलते मेरा रैली में शामिल होना दोगले कांग्रेसियों की नजर में गुनाह है तो देवनानी यह गुनाह बार-बार करेगा।

देवनानी ने कहा कि पिछले साढे तीन सालों में प्रदेश में हिन्दू समाज की अनदेखी की जा रही है। कांग्रेस सरकार की शह पर समाज विरोधियों द्वारा योजना से हिन्दू देवी-देवताओं का अपमान एवं धार्मिक रैलियों में व्यवधान का सिलसिला जारी है। करौली, भीलवाडा, जोधपुर सहित दर्जनों जिलों में समाजकंटकों द्वारा शांतिप्रिय हिन्दू समाज पर पत्थरबाजी और आगजनी की वारदातों को अंजाम दिया गया। इससे सम्पूर्ण हिन्दू समाज में समाज विरोधियों को प्रश्रय देने वाली कांग्रेस सरकार के खिलाफ आक्रोश व्याप्त फूट पडा। अजमेर में आयोजित सकल हिन्दू समाज की रैली भी इसी स्वभाविक आक्रोश का परिणाम थी। कांग्रेस नेताओं ने इस रैली पर सवाल खड़े कर अपनी औछी मानसिकता स्पष्ट कर दी है। अजमेर की रैली उदयपुर की घटना के पहले की है जो स्वप्रेरित हिंदू जागरण की थी। अब जो रैलियों आयोजित की जा रही है उसका संबंध नुपूर से नहीं है बल्कि कन्हैया हत्याकांड व बिगडती कानून व्यवस्था के खिलाफ है।

- कांग्रेसी नेताओं के बयान पर देवनानी का पलटवार
- देवनानी की कांग्रेसियों को अपनी गिरेबान में झांकने की नसीहत
- रैलियों का संबंध नुपूर से नहीं, कन्हैया हत्याकांड व बिगड़ती कानून व्यवस्था के खिलाफ

देवनानी ने कहा कि सकल हिंदू समाज तो तय कर चुका है कि वह अपने देवी देवताओं का अपमान कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे लेकिन अब कांग्रेस को तय करना है कि वह किसके साथ है? भाजपा नेताओं पर दोगलेपन का आरोप लगाने वाले कांग्रेसी इस प्रश्न का जवाब दें।

अपने पर लगे दोगलेपन के आरोप पर बोलते हुए देवनानी ने कहा कि राज्य में पूरी तरह से बिगडी कानून व्यवस्था से प्रदेशवासियों में आक्रोष व्याप्त है। दोगलेपन का आरोप लगाने से पहले कांग्रेसी अपनी गिरेबान में झांके। संतुष्टीकरण की बजाए तुष्टीकरण करने का कांग्रेस का हमेशा से ही इतिहास रहा है। गलत को गलत कहने का साहस कांग्रेसियों में क्यों नहीं है? राजस्थान में कानून और शान्ति व्यवस्था पूरी तरह बिगड़ी हुई है। राज्य के गृह मंत्री होने के नाते मुख्यमंत्री अशोक गहलोत इसमें फेल साबित हुए हैं।

धोखे से नकदी वसूली

उदयपुर, (कासं)। कूटरचित दस्तावेज तैयार कर मृतक महिला का बीमा क्लेम की नकदी हड़पने वाले के खिलाफ गोगुन्दा पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार राई मेवाड़ों का मठ बैकरिया निवासी देवाराम पुत्र बाबूराम गरासिया ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया कि वर्ष 2019 में मेरी पत्नी कुकरीबाई की मौत हो गई थी। जिसके श्रमिक कार्ड के आधार पर दो लाख रूपये का बीमा क्लेम मिला था। अज्ञात व्यक्ति ने मेरी पत्नी की मौत होने के कुछ समय बाद मेरे नाम से यूनियन बैंक गोगुन्दा में खाता खुलवा कर उक्त दो लाख रूपये नकदी निकाल हड़प ली। इसका पता चलन पर पड़ताल की तो अज्ञात व्यक्ति द्वारा धोखाधड़ी करने की जानकारी सामने आई।

मसूदा में मंदिर की मूर्ति तोड़ने पर हिंदू समाज में रोष

मसुदा, (निसं)। मसूदा पंचायत समिति के निकटवर्ती ग्राम पंचायत महिला के ग्राम नागली में मोखा मरवा माताजी मंदिर की मूर्ति तोड़ने पर सकल हिंदू समाज द्वारा आक्रोश जताया गया।

सकल हिंदू समाज ने मसूदा उपखंड अधिकारी संजू मीणा एक ज्ञापन दिया और बताया कि नागली स्थित मौका मरवा माताजी के मंदिर में स्थापित श्रीमुखा मारवा माता की पत्थर की मूर्ति को जिहादी मानसिकता के अज्ञात लोगों ने मूर्ति को थोड़ा जिससे क्षेत्र के समस्त माता जी के भक्तों में आक्रोश व्याप्त हो गया। पूर्व में भी इसी मूर्ति को तोड़ा गया था जिसकी पुन: प्राण प्रतिष्ठा कराई गई जिससे क्षेत्र में सौहार्द व शांति व्यवस्था बनी रही।

- धार्मिक उन्माद फैलाने वाले को जल्द पकड़े की मांग
- पूर्व में भी ऐसी घटना यहां घट चुकी हैं

कुछ माह पूर्व भी इसी मंदिर परिक्षेत्र में शव दफनाया गया जिस पर क्षेत्र में हजारों हिंदू भक्तों ने जबरदस्त आंदोलन किया। संपूर्ण मसूदा क्षेत्र अभूतपूर्व बन रहा है, संपूर्ण क्षेत्र छावनी बना रहा जिस पर जिला प्रशासन द्वारा मंदिर परी क्षेत्र की 10 बीघा से अधिक भूमि माताजी हेतु गौशाला के नाम आरक्षित की गई सकल हिंदू समाज के व्यक्तियों ने मीणा को बताया कि बार-बार इस मंदिर में धार्मिक उन्माद फैलाकर क्षेत्र की शांति भंग कराने का षड्यंत्र फैलाया जा रहा है।

इससे समस्त सकल हिंदू समाज एवं माता जी के हजारों भक्तों में भयंकर आक्रोश है और कहा कि इससे पहले कि क्षेत्र में अशांति एवं अप्रिय घटना घटे प्रशासन से समस्त क्षेत्र के सल हिंदू समाज की ओर से आग्रह है कि 3 दिन में मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा प्रशासन करवाएं क्योंकि कुछ दिनों बाद ही देवता 4 मास हेतु सो रहे हैं कोई शुभ मुहूर्त नहीं है 3 दिन में प्रशासन मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कराने के साथ ही शीघ्र से शीघ्र 5 से 7 दिन में असामाजिक तत्वों को पकड़कर कठोर कानूनी कार्यवाही करें ताकि क्षेत्र में शांति भाई प्रेम चारा बना रहे। उपरोक्त न्यायोचित कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में अशांति की व्यवस्था में प्रशासन जिम्मेदार रहेगा।

कांग्रेसियों ने अनिता भदेल के बयानों की निंदा की

अजमेर, (कासं)। अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के वर्तमान अध्यक्ष विजय जैन, पूर्व विधायक डॉ राजकुमार जयपाल, कुलदीप कपूर, फकरे मोइन, शिव कुमार बंसल, अशोक बिंदल, महेश चौहान, श्याम प्रजापति ने अजमेर दक्षिण की भाजपा विधायक अनिता भदेल के बयानों की कड़े शब्दों में निंदा की है।

अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान महासचिव शिव कुमार बंसल ने प्रेस वक्तव्य जारी कर बताया कि उदयपुर घटनाक्रम में कन्हैया लाल के हत्यारे रियाज के नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया एवं भाजपा नेताओं के साथ फोटो वायरल हो रही है और भारतीय जनता पार्टी का घिनौना चेहरा आम जनता के सामने आ गया है।

उन्होंने बताया कि हत्यारे रियाज का भाजपा नेताओं के साथ फोटो वायरल होने के बाद भाजपा की अजमेर दक्षिण की विधायक अनिता भदेल राजस्थान सरकार पर तुष्टीकरण का आरोप लगाते हुए हत्यारे रियाज का कांग्रेस से सम्बन्ध जोड़कर झूठा आरोप लगाया है।

कांग्रेसियों ने बताया कि विधायक अनिता भदेल ने हत्यारे रियाज पर बयान जारी कर शंका और संशय प्रकट किया है कि हत्यारा कांग्रेसी का रिश्तेदार होने के कारण संभवत न्याय नहीं होगा। जबकि संपूर्ण प्रकरण की जांच केंद्र सरकार की एजेंसी एनआईए कर रही है एवं राजस्थान सरकार जांच में पूर्ण सहयोग कर रही है। भाजपा विधायक अनिता भदेल को केंद्र सरकार की जांच एजेंसी एनआईए पर भी शंका और संशय है। विधायक भदेल द्वारा संवैधानिक पद पर बैठकर गैर जिम्मेदाराना बयान देना पद की गरिमा के अनुरूप नहीं है, यह उन्हें शोभा नहीं देता है।

- उदयपुर घटनाक्रम में भाजपा की घिनौनी साजिश आई सामने
- कांग्रेसियों ने भारतीय जनता पार्टी पर उदयपुर घटनाक्रम को लेकर राजनीतिक रोटियां सेकने का आरोप लगाया

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अपने बयानों में स्पष्ट कर दिया है कि हत्यारा किसी भी धर्म जाति संप्रदाय का हो एवं कितना ही बड़ा आदमी हो बख्शा नहीं जाएगा। लेकिन भाजपा की कलाई खुलने के बाद उल्टा चोर कोतवाल को डांट रहा है। विधायक अनिता भदेल सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के लिए अनर्गल बयानबाजी कर आम जनता को गुमराह कर रही है। कांठोसियों ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी उदयपुर घटनाक्रम पर राजनीतिक रोटियां सेक रही है। अभी हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने नूपुर शर्मा पर संप्रदाय विशेष के खिलाफ टिप्पणी करने पर कड़ी फटकार लगाई है कांठोसियों ने राष्ट्रपति को पत्र लिखकर संपूर्ण मामले में हस्तक्षेप कर नूपुर शर्मा के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर देश एवं प्रदेश में बढ़ रहे सांप्रदायिक तनाव एवं उन्माद पर लगाम लगाने की एवं नूपुर शर्मा को गिरफ्तार करने की मांग की है।

साधु संत राजनीति से प्रेरित होकर कार्य नहीं करें : राठौड़

अजमेर, (कासं)। राजस्थान पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष राज्यमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता धर्मेंद्र राठौड़ ने साधु संतों से आग्रह किया है कि राजनीति से प्रेरित होकर कार्य नहीं करें। निगम अध्यक्ष राठौड ने एक प्रेस वक्तव्य जारी कर कहा कि उदयपुर घटनाक्रम पर कुछ राजनीतिक दल एवं हिंदूवादी संगठन साधु संतों की आड़ में राजनीतिक रोटियां सेक रहे हैं जो कि अनुचित है। उन्होंने कहा कि उदयपुर घटनाक्रम में दोषियों को गिरफ्तार किया जा चुका है एवं कानूनी कार्रवाई की जा रही है ऐसी स्थिति में प्रदेश में शांति बनाए रखना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि उदयपुर घटनाक्रम के आड़ में कुछ राजनीतिक दल एवं हिंदूवादी संगठन प्रदेश में धार्मिक उन्माद एवं तनाव पैदा करने की कोशिश कर रहे है, जिसमें वह कभी सफल नहीं होंगे। उन्होंने साधु-संतों से आग्रह किया कि देश में प्रदेश में शांति भाईचारा एवं सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने में सहयोग प्रदान करें एवं धारा 144 का पालन करें।

झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर नकदी वसूली

उदयपुर, (कासं)। झांसे में लेकर शारीरिक संबंध बना पीड़ित को झूठे कैस में फंसाने की धमकी देकर नकदी वसूलने वाली महिला के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार टेक्सी चालक पीड़ित प्रदीप सैन पुत्र धमेन्द्र सेन ने आरोपी महिला के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया कि मैं टेक्सी चालक हूं तथा मेरे मकान के पीछे गली में आरोपी रहती है।

करीब तीन माह पूर्व फोन कर मुझे बुलाया तथा उसके कहने पर मैं एक मरीज को चिकित्सालय ले गया था। इस दौरान उसने स्वयं को डाक्टर होना बताया तथा मरीजों को ले जाने के लिए कार की आवश्यकता होने की बात कहते हुए मेरे मोबाईल नंबर लिए। उसके बाद से मेरे से मोबाईल पर बातचीत करना शुरू कर दिया। एक माह पूर्व कार बुक करवा कर मुझे अहमदाबाद विशनगर ले गई।

जहां उसने स्वयं के कपड़े उतार कर शारीरिक संबंध बनाने को कहा तथा ऐसा नहीं करने पर झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। शारीरिक संबंध बनाने के बाद से वह फोन कर मुझे बुलाती एवं शारीरिक संबंध बनाने के लिए मजबूर करती रही। गत दिनों उसने मुझसे 4 लाख एवं 10 लाख रूपए की मांग करना शुरू कर दिया तथा ऐसा नहीं करने पर झूठे मुकदमें में फंसाने की धमकी दी। आरोपी महिला मुझसे गत 4 मई से 29 जुलाई 22 तक 33 हजार 500 रूपये वसूल चुकी है और धमकी देकर और रूपयों की मांग कर रही है। मामले की जांच एएसआई शंकरलाल कर रहे है।

मारपीट कर नकदी छीनी

उदयपुर, (कासं)। प्रतापनगर थाना पुलिस ने आरोपी व उसके भाई व अन्य के खिलाफ पीड़ित के साथ मारपीट कर नकदी व मोबाईल छीन ले जाने मामला दर्ज किया है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित कपड़ा व्यवसायी बालिका स्कूल के सामने सुथारों का मोहल्ला कुराबड़ हॉल ट्रांसपोर्ट नगर के पीछे प्रतापनगर निवासी भावेश पुत्र देवीलाल खटीक ने आरोपी भरतसिंह व उसके भाई तथा अन्य के खिलाफ मारपीट कर पन्द्रह हजार रूपये नकदी व मोबाईल छीन ले जाने का मामला दर्ज करवाया। जिसमें पीड़ित ने बताया कि मैं रेडिमेड कपड़े बेचने का कारोबार करता हूं। 30 जून को मैं कपड़े लेने अहमादाबाद जाने के लिए बस की इंतजार कर रहा था इसी दौरान वहां आए भरत सिंह ने आज नहीं कल साथ में चलने की बात कहते हुए अपने घर ले गया। जहां रात में आरोपी व उसके साथियों ने मेरे साथ मारपीट की तथा जेब से 15 हजार रूपये नकदी छीन ली।

महाराणा प्रताप मंडल कार्यसमिति की बैठक

ब्यावर, (निसं)। भारतीय जनता पार्टी महाराणा प्रताप मंडल कार्यसमिति की बैठक प्रभु की बगिया में मंडल अध्यक्ष नरेश मित्तल की अध्यक्षता और जिला महामंत्री पवन जैन के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुई। मण्डल महामंत्री सन्तोष जाग्रत ने बताया कि जिला महामंत्री पवन जैन ने मोदी सरकार के आठ वर्ष बेमिसाल सरकार की विभिन्न योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला।

मंडल महामंत्री सत्येन्द्र यादव ने राजनैतिक प्रस्ताव पढकर बैठक में सर्वसम्मति से पारित करवाया। मण्डल अध्यक्ष नरेश मित्तल ने अपने उद्बोधन में संगठन के पिछले कार्यक्रमों की समीक्षा की एवं आगामी कार्यक्रम की जानकारी दी। बैठक में अनुसूचित जाति मोर्चा देहात जिला महामंत्री पार्षद रवि चोहान, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष राजेश्वरी यादव, उपाध्यक्ष राकेश नरूका, बुदराज शर्मा, नाथू पारिक, मंत्री बृजकिशोर शर्मा, प्रकाश माली, महेश चितलागिया, महिला मोर्चा अध्यक्ष तारा सोनी, मंजु गहलोत, गायत्री साहु, पार्षद सुनीता भाटी, पार्षद मुन्नी देवी गहलोत, सपना शर्मा, शिखा गुप्ता, युवा मोर्चा अध्यक्ष दीपक चोहान, ओ बी सी मोर्चा अध्यक्ष दिलीप दगदी, अनिल जांगिड़, दिपक दगदी, रामेश्वर गहलोत, पप्पू यादव, रमेश अठावाल, मनमोहन शर्मा, पार्षद हरीश सांखला, हेमसिंह रावत, पीयुष चौहान, अंकुर मित्तल, अभिषेक कुमावत, मनिक मोदी, मनीष बंसल, मनन गहलोत, रणबीर सिंह, ललित जीनगर, चन्द्रशेखर सोनी, हितेश सोनी, लाला दगदी आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री बजट घोषणा में बनी सड़कों व रोड डिवाइडर में लीपापोती

पुष्कर, (निसं)। मुख्यमंत्री बजट घोषणा में लीपापोती की स्तरहीन सड़के और रोड डिवाइडर, 2.71करोड़ रुपयों की बर्बादी और भ्रष्टाचार पर सामाजिक कार्यकर्ता अरुण पाराशर ने कलेक्टर को ज्ञापन भेजा।

पाराशर ने बताया की मुख्यमंत्री बजट घोषणा में स्वीकृत करोड़ों रुपए की लागत से महत्वपूर्ण सड़कों अजमेर चुंगी नाके से नवखंडी तिराह व नवखंडी तिराहे से जयपुर बाईपास तिराहे तक एवं नवखंडी तिराहे से नए रंग जी मंदिर, मारवाड़ बस स्टैंड से वीआईपी रोड होलिका चौक तक का निर्माण किया जा रहा है। कार्य एजेंसी सार्वजनिक निर्माण विभाग के इंजीनियरों की ठेकेदारों और जनप्रतिनिधियों की साठगांठ के चलते सभी स्वीकृत सड़कों का चाहे वह सी सी रोड हो या डामर की सड़के सभी स्तरहीन और गुणवत्ता विहीन लचर तरीके व बेकार निर्माण सामग्रियों का प्रयोग कर आम जन की आंखों में धूल झोंक कर केवल लीपापोती कर बनाई जा रही है।

ठेकेदार रात के अंधेरे में बिना खोदे, मिट्टी हटाएं एक डेढ़ इंच का युद्धस्तर पर डामर कंक्रीट का मसाला बिछाकर काम की इति श्री कर रहा है। यही हालत रोड डिवाइडर निर्माण में हो रहा है। सीधे सपाट आकृति में बनाएं जा रहे है जिसकी नींव का भी अता पता नहीं है, मामूली टक्कर में बिखर जायेंगे, इससे तो अच्छे पहले जो सीमेंट ब्लॉक से बने हुए थे वे ही रहने देते वे ज्यादा मजबूत थे। डिवाइडर की क्वालिटी और स्तर जयपुर रोड और रीजनल कॉलेज, मित्तल हॉस्पिटल के सामने बने है उसकी देखे जिसमे नीचे से मोटाई लेकर ऊपर तक टेपर दिया गया है। देखने में ही सुंदर और मजबूत लगते है।

सड़कों और डिवाइडर के निर्माण में की जा रही लापरवाही और भ्रष्टाचार की पोल आने वाले मानसून की एक दो बरसात में ही खुल जायेगी। गुरुद्वारे के सामने बरसाती पानी भरता है तो वीआईपी रोड पर बरसाती पानी बहकर आने का रास्ता है इन दोनों जगह ही पानी का जमाव व बहाव डामर की सड़क को चंद दिनों में ही उखाड़ देगा। यहां सी सी रोड बनानी चाहिए थी, लेकिन अधिकारियों और जन प्रतिनिधियों की अदूरदर्शीता एवं पुष्कर तीर्थ के प्रति उपेक्षा, बेरुखी का नतीजा यह हो रहा है कि जनता के टैक्स का पैसा पुष्कर तीर्थ विकास के नाम पर पानी में बहकर, बर्बाद कर भ्रष्टाचार से अधिकारी, ठेकेदार, ओर जन प्रतिनिधि अपनी जेबें भर रहे है। सड़के और डिवाइडर निर्माण कार्यों की निष्पक्ष एजेंसी से जांच करवाई जाएं तथा इस कार्य में काम लिए जा रहे मटेरियल की प्रयोग शाला में गुणवत्ता की जांच करवाई जाएं। तब तक निर्माण ठेकेदारों का किए जा रहे निर्माण कार्य व भुगतान पर रोक लगाई जावे। व जांच में दोषी के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही की जावे।

- 2.71करोड़ की बर्बादी और भ्रष्टाचार पर सामाजिक कार्यकर्ता ने कलेक्टर को ज्ञापन भेजा



सड़के और डिवाइडर निर्माण कार्यों की निष्पक्ष एजेंसी से जांच व काम लिए जा रहे मेटेरियल की गुणवत्ता की जांच की मांग की।

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार राजेन्द्र प्रसाद पुत्र स्व. श्री भंवरलाल, आयु 66 वर्ष, जाति कोली, निवासी- 1011/42, आर्यन सीनियर स्कूल के पीछे, पीपल का कुआं, धोलाभाटा, अजमेर का रहने वाला हूं मेरा पुत्र अरविंद कुमार व उसकी पत्नी वंदना का काफी समय से मेरे व मेरे परिवार से कोई संबंध नहीं है जिस कारण मैं अपनी चल व अचल सम्पत्ति से इनको बेदखल करता हूं। यदि कोई इनसे संव्यवहार करता है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी उस व्यक्ति की स्वयं की होगी। इनसे मेरा कोई लेना देना नहीं है।

अजमेर- दिनांक- 2/7/22 -प्रवीण कुमार, एडवोकेट

कार्यालय नगर निगम, अजमेर

क्रमांक : न.नि.अ./एमबी/22-23/793 दिनांक : 30-06-2022

आपति सूचना

श्रीमती अंजू देवी देरासरी पत्नी श्री देवनारायण देरासरी एवं श्रीमती रितु गोपा पत्नी श्री योगेश गोपा, निवासीगण के-4, आनासागर शिव मंदिर के सामने, कृष्णगंज क्रिश्चियनगंज, अजमेर द्वारा एक सम्पत्ति भूखण्ड दुकान के-4, आनासागर शिव मंदिर के सामने, कृष्णगंज क्रिश्चियनगंज, अजमेर में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 89.12 व.मी. है, भूमि के आवासीय से व्यावसायिक वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यावसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय में आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया है। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाएं निम्नानुसार है:-

पूर्व में : सुनील दत्त रंगा की सम्पत्ति — पश्चिम में : आनासागर सरक्यूलर रोड

उत्तर में : ब्रह्मदत्त वैष्णव की सम्पत्ति — दक्षिण में : 30 फीट रोड

अत: जरिए इस सूचना के पूर्व सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि किसी भी व्यक्ति/संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नही किया जाएगा।

उपायुक्त, नगर निगम, अजमेर

कार्यालय ग्राम पंचायत फतेहगढ़

क्रमांक- ग्रा.पं./फतेहगढ़/निविदा/2022-23/02 दिनांक 01.07.2022

ई-निविदा सूचना 31/ 2022-23

ग्राम पंचायत फतेहगढ़ के वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की समस्त योजनाओं मनरेगा सहित निर्माण कार्यों की सामग्री क्रय किए जाने हेतु दिनांक 07-07-2022 को सायं 6.00 बजे तक ऑनलाईन ई निविदा आमंत्रित की जाती है। बोली के नियम व शर्तें एवं विस्तृत विवरण वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है तथा http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी डाउनलोड व अपलोड की जा सकती है।

UBN No: PKN2223GLRC00031

Tender ID_ 2022_PRD_283644_1

सरपंच, ग्राम पंचायत फतेहगढ़ — ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत फतेहगढ़

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी जोन उत्तर अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

कमांक: LU2012/2022-23/100699 दिनांक: 30/06/2022

लोक सूचना

श्री SHRI RAKESH DEEDWANIA पुत्र श्री SHRI KISHAN PRAKASH DEEDWANIA जाति AGARWAL निवासी K-20, ANASAGAR CIRCULAR ROAD CHRISTIAN GANJ, NEAR SHIV MANDIR AJMER. श्री SMT. MEENU DEEDWANIA पत्नी श्री SHRI RAKESH DEEDWANIA जाति AGARWAL निवासी K-20, ANASAGAR CIRCULAR ROAD CHRISTIAN GANJ, NEAR SHIV MANDIR AJMER. ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का आवासीय प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अधिधृति अधिकारी के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात:-

क्र. सं.	ग्राम तहसील व जिले का नाम	खातेदार का नाम	खसरा सं.	क्षेत्रफल (वर्गमीटर)	क्षेत्रफल (हैक्टे.)
1.	माकड़वाली अजमेर (अजमेर)	SHRI RAKESH DEEDWANIA, SMT. MEENU DEEDWANIA	1740/3961	800	0.08
2.	माकड़वाली अजमेर (अजमेर)	SHRI RAKESH DEEDWANIA, SMT. MEENU DEEDWANIA	1751	1900	0.19
3.	माकड़वाली अजमेर (अजमेर)	SHRI RAKESH DEEDWANIA, SMT. MEENU DEEDWANIA	1739/3960	400	0.04
4.	माकड़वाली अजमेर (अजमेर)	SHRI RAKESH DEEDWANIA, SMT. MEENU DEEDWANIA	1741/3962	400	0.04
5.	माकड़वाली अजमेर (अजमेर)	SHRI RAKESH DEEDWANIA, SMT. MEENU DEEDWANIA	1752	10900	1.09
6.	माकड़वाली अजमेर (अजमेर)	SHRI RAKESH DEEDWANIA, SMT. MEENU DEEDWANIA	1753	7900	0.79
				कुल	2.23

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर अपनी एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जावेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 30-06-2022 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी जोन उत्तर अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर